Title: Need to provide financial assistance to Government of U.P. for repair of embankment on rivers in district Sant Kabir Nagar-Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : मेरा लोक सभा क्षेत्र खलीलाबाद, उत्तर प्रदेश एक बाढ़ग्रस्त इलाका है। मेरे इलाके में छोटी बड़ी कुल सात नदियां प्रवाहित होती हैं। वर्ा के दिनों में इन नदियों में भयंकर बाढ़ आती है, जिससे पूरा सन्त कबीर नगर जनपद जलमग्न हो जाता है। तीन नदियों घाघरा, राप्ती एवं कुआनों पर तटबंध हैं जबकि आमी एवं कठनईया नदी पर कोई तटबंध नहीं है। कुआनो नदी पर कई स्थानों पर तटबंध नहीं बना है। सन 1998 में कुआनों नदी का मुखलिसपुर के पास तटबंध टूट जाने से भीाण बाढ़ आई थी। इस वर्ा भी कई स्थानों से तटबन्ध के टूटने के आसार थे। राप्ती का तटबन्ध वेलौली के पास टूटा था, जिससे पूरा जिला जलमग्न हो गया था।

अतः सन्त कबीर नगर जनपद के नदियों के तटबन्धों की मरम्मत के लिये केन्द्र सरकार आवश्यक कदम उठाये, जिससे आगामी बरसात में धन, जन की हानि न हो। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाये।